Newspaper : Nav Bharat Times
Edition : Mumbai | Date: 31st October, 2018 | Pg. 04

कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी उपलब्ध

अब दिवाली बाद नवी मुंबई मनपा स्कूल होंगे 'स्मार्ट'

■ **आनंदकुमार पाण्डेय, नवी मुंबई :** नवी मुंबई मनपा के सभी स्कूल अब दिवाली के बाद 'डिजिटल' किए जायेंगे। नवी मुंबई मनपा प्रशासन और मनपा शिक्षण विभाग द्वारा मनपा के सभी स्कूलों की सभी कक्षाओं को डिजिटल किया जा रहा है। कुछ तकनीकी कारणों से इन स्कूलों को अब तक डिजिटल नहीं किया जा सका है। इस तरह की शत-प्रतिशत सुविधा देने वाली नवी मुंबई मनपा राज्य और संभवतः देश में पहली मनपा होगी। नवी मुंबई मनपा प्रशासन ने बीते 2 अक्टूबर से मनपा स्कूलों को डिजिटल करने की बात कही थी। पर अब यह काम दिवाली की छुट्टियों के बाद किया जाएगा।

मनपा स्कूलों से जुड़े आंकड़े

विभाग	कुल स्कूल	कुल शिक्षक
प्राथमिक	53	697
माध्यमिक	18	115
कुल स्कूल	71	812

600 कक्षाएं होंगी स्मार्ट

मनपा स्कूलों की सभी 600 कक्षाओं को 'इंटरैक्टिव क्लास-रूम' में परिवर्तित किया जा रहा है। अर्थात ये सभी कक्षाएं अब जल्द ही पूरी तरह से स्मार्ट हो जाएंगी। इस सुविधा के मिल जाने से मनपा स्कूलों की सभी कक्षाएं 'आडियो-विजुअल' जैसी अत्याधुनिक शैक्षणिक प्रणाली से युक्त हो जाएंगी। इसका लाभ करीब 42 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा। अभी ऐसी सुविधाएं सिर्फ निजी क्षेत्र के महंगे अंग्रेजी स्कूलों में ही हैं।

विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति

'स्मार्ट' डिजिटल शैक्षणिक प्रणाली के साथ-साथ मनपा शिक्षा विभाग के सभी स्कूलों में सभी विद्यार्थियों की अब बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज की जाएगी। अपने सभी विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति लेने के मामले में भी नवी मुंबई मनपा संभवतः पूरे राज्य में पहली मनपा बनने वाली है। इस प्रणाली के तहत जैसे ही विद्यार्थी अपनी कक्षा में प्रवेश करेगा, उसकी उपस्थिति स्वतः ही दर्ज हो जाएगी। इस उपस्थिति की जानकारी भी सभी विद्यार्थियों के पालकों को मोबाइल एसएमएस द्वारा भेज दी जाएगी।

हर स्कूल में कंप्यूटर लैब

योजना के अनुसार, मनपा शिक्षा विभाग अपने हर स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात के आधार पर अत्याधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला की सुविधा देगा। यह सुविधा लगभग सभी मनपा स्कूलों में उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसी के साथ मनपा स्कूलों में पढ़ाए जा रहे कोर्स को भी डिजिटल प्रणाली में सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाने वाला है। यदि अगले कुछ वर्षों में राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक पाठ्यक्रम में परिवर्तन भी किया गया तो बदले गए नए पाठ्यक्रम को भी डिजिटल कर नवी मुंबई मनपा स्कूलों के सभी विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

स्कूलों का होगा कायाकल्प

नवी मुंबई मनपा द्वारा संचालित मराठी, हिंदी व उर्दू भाषा के सभी 53 प्राथमिक व 18 माध्यमिक स्कूलों का जल्द ही पूरी तरह से कायाकल्प कर दिया जाएगा। इस योजना के पूरा होने के बाद मनपा द्वारा संचालित सभी स्कूलों की हर कक्षा में एक प्रोजेक्टर, डिजिटल वाइट इंटरैक्टिव बोर्ड, व बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली होगी। पालकों को संदेश भेजने की एसएमएस प्रणाली कार्यान्वित होगी। हर स्कूल में पर्याप्त विज्ञान प्रयोगशालाएं होंगी, जिनमें शैक्षणिक पाठ्यक्रम से संबंधित हर सामग्री (ऑपरेटस) उपलब्ध कराई जाएगी। मनपा स्कूलों में पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों को इस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा।